मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–18, अंक–15, जून 2019

**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**








# कामधेनु पेंट्स का शानदार अंदाज

## टारगेट का बादशाह 7 और बॉलीवुड स्टार्स का साथ

हर घर को अपने उच्च गुणवत्ता वाले सजावटी रंगों से रंगने का सपना लिए कामधेनु पेंट्स नये क्षितिज की ओर बढ़ रहा है। आज शानदार रंगों की श्रृंखला के साथ कामधेनु पेंट सेगमेंट में देश का तेजी से बढ़ता ब्रांड है। नया लक्ष्य, इनोवेशन और मोटिवेशन को कंपनी ने जिस जज्बे के साथ आगे बढ़ाया है उसकी झलक कंपनी के उत्पादों के साथ ही कंपनी के हर इवेंट में दिखाई देती है जिसे कंपनी डीलर्स के लिए आयोजित करती है। कंपनी का मेगा इवेंट **'टारगेट का बादशाह'** ऐसा ही इवेंट है जो अपनी भव्यता के लिए पूरे देश में मशहूर रहा है और जिसने देश–विदेश में अपनी धमाकेदार मौजूदगी दर्ज कराई है।

कामधेनु पेंट्स का मेगा इवेंट टारगेट का बादशाह अब अपने सातवें पड़ाव **''टारगेट का बादशाह 7''** को सफलता के साथ पूरा कर चुका है। 7 और 8 जून को गुरुग्राम के ग्रैंड हयात में आयोजित इस इवेंट में कंपनी के 1200 डीलर्स सम्मिलित हुए। पहले की तरह ही इस जश्न में बॉलीवुड के नामी शख्सियतों ने हिस्सा लिया और डीलर्स को मोटिवेट किया। इस बार फिल्मी दुनिया के स्टार शाहिद कपूर, तापसी पन्नू, परिणीति चोपड़ा, यामी गौतम, अदिति सिंह शर्मा, शान और राजू श्रीवास्तव ने हिस्सा लिया। यहाँ कंपनी के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल एवं श्रीमती राधा अग्रवाल और निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल एवं श्रीमती प्रियंका अग्रवाल के साथ शाहिद कपूर ने 7 जून को बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को अवार्ड की विभिन्न श्रेणियों में अवार्ड देकर सम्मानित किया और तापसी पन्नू ने 8 जून को डीलर्स को अवार्ड देकर सम्मानित किया।

इस खूबसूरत और भव्य इवेंट में नेक्स्ट जनरेशन मोबाइल स्कीम, प्रिंस ऑफ कामधेनु अवार्ड, बेस्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स, कामधेनु वैल्यु सेल्स का बादशाह अवार्ड, ऑल इंडिया वोल्युम सेल अवार्ड, बेस्ट डीपो अवार्ड, एक्स्ट्राआर्डनरी परफॉरमेंस रिजन अवार्ड, अवार्ड फॉर एक्सलेंस और ओवरऑल लीडरशिप अवार्ड से कंपनी के डीलर्स और कंपनी के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही चुने हुए 450 डीलर्स को उनके परिवार सहित हाँगकाँग एवं मकाउ के 5 दिन के टूर का बेहतरीन तोहफा भी दिया। लकी ड्रॉ के माध्यम से भाग्यशाली डीलर्स को 4 ग्राम से दस ग्राम तक सोने का सिक्का भी जीतने का मौका मिला।

**'टारगेट के बादशाह 7'** में कंपनी के सीएमडी श्री सतीश कुमार अग्रवाल ने कहा, "चैनल पार्टनर्स और डीलर्स को हम कामधेनु परिवार का महत्वपूर्ण सदस्य मानते हैं। आपके अथक प्रयासों से ही हम हर लक्ष्य को पूरा करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। टारगेट का बादशाह हमारे आपसी सहयोग को वो मौका देता है जहाँ हम अपने अनुभव को और खुशियों को साझा करते हैं।''



डीलर्स को संबोधित करते हुए कामधेनु पेंट्स के निदेशक, श्री सौरभ अग्रवाल ने कहा, **"टारगेट का बादशाह** 7 जीत का जश्न है और ये जश्न हमारे आपसी सहयोग को नई मजबूती देता है। टारगेट का बादशाह वो मंच है जो डीलर्स को सुनहरे अवसर पूरा करने का अवसर देता है।''

यहाँ कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने कहा, ''टारगेट का बादशाह सभी डीलर्स को नये आयाम छुने का मौका देता है और आपने हर बार अपने हुनर और मेहनत से नये आयाम को छुआ है।''

# सेंशेसनल बॉलीवुड नाइट










दो दिनों के इस शानदार इवेंट में बॉलीवुड के सितारों ने **"टारगेट का बादशाह 7"** की शाम को जोशीले अंदाज में रोशन किया। हर स्टार ने डीलर्स को आगे बढ़ने और उम्मीदों के आसमान में रंग भरने का जज्बा दिया। शाहिद कपूर का गबरू स्टाइल, परिणीति चोपड़ा, तापसी पन्नू और यामी गौतम के खूबसूरत अंदाज ने इस इवेंट की शाम को सेंशेसनल नाइट में बदल दिया।

## शान की शानदार परफॉर्मेंस

यहाँ शान ने अपनी मदमस्त आवाज में सुपरहिट गानों को पेश किया। इनकी बेहतरीन परफॉर्मेंस ने डीलर्स को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## राजू श्रीवास्तव की कॉमेडी

**"टारगेट का बादशाह 7"** में कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव ने अपने चुटिले अंदाज में एक से बढ़कर एक जोक्स सुनाए। इनके जोरदार प्रदर्शन ने यहाँ मौजूद सभी लोगों को खूब गुदगुदाया।

## अदिति सिंह शर्मा का सुरीला अंदाज

अपनी दिलकश आवाज में अदिति सिंह शर्मा ने 'हाई हील्स ते नच्चे' और 'गोलमाल' जैसे बेहतरीन गानों को पेश किया, जिसने यहाँ पर सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

## डांस की बेहतरीन परफॉर्मेंस

इस इवेंट में एक से बढ़कर एक परफॉर्मेंस का दौर चलता रहा और यहां प्रसिद्ध डांस ग्रुप नीतीश एंड ग्रुप, पपई एंड अंतरा और वी अनबीटबल ने अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।








# खुशियों भरा हांगकांग और मकाउ का सफर

**"टारगेट का बादशाह 7"** ने खुशियों के सफर को नया रुख दिया। यहाँ आये सभी लोगों ने जिंदगी के नये रंग को देखा, साथ ही साथ सभी को अपनी खुशियों को साझा करने का अवसर मिला। इस इवेंट में डीलर्स को कई तरह के मोटिवेशनल तोहफे दिये गए।




यहाँ दिये गए हर तोहफे अपने आप में खास थे, जिसने डीलर्स को बेहतरीन प्रदर्शन करने का जज्बा दिया। इसके तहत ही 450 डीलर्स को परिवार सहित 5 दिन के हांगकांग और मकाउ के टूर का तोहफा दिया गया।

दुनिया के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में शुमार हांगकांग और मकाउ में डीलर्स ने खूब मौज–मस्ती की और यहाँ की नाइट लाइफ, कल्चर और इनोवेशन को करीब से जाना। इस मोटिवेशन टूर में डीलर्स ने हांगकांग के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डिजनीलैंड, ओसियन पार्क और विक्टोरिया हार्बर पर स्टार फैरी की सैर की।

हांगकांग में यादगार सफर बिताने के बाद डीलर्स का कारवां अपने अगले पड़ाव मकाउ की ओर बढ़ चला। यहाँ डीलर्स ने मकाउ टावर, सेनादो स्क्वायर और मकाउ म्युजियम की सैर की। इस पूरे टूर में डीलर्स को नये इनोवेशन को देखने का मिला और इकोफ्रेंडली कंस्ट्रक्शन के लिए प्रेरणा भी मिली। डीलर्स ने हांगकांग और मकाउ दोनो ही जगह पर खुशियों भरे पल को बिताया और इन यादगार लम्हों को तस्वीरों में कैद किया।

कामधेनु पेंट्स रंगों की विविधता से डीलर्स के हर पल को सजाने का पूरा प्रयास करती है और डीलर्स भी कंपनी के इस काम में पूरा सहयोग देते हैं ताकि एक साझे प्रयास के गुलदस्ते को सजाया जा सके। साथ चलने, साथ आगे बढ़ने और खुशियों को साथ मनाने का नाम कामधेनु पेंट्स है। जो आज देश का नया रंग है।

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.06.2019





# RISAT-2B अंतरिक्ष में बना भारत की तीसरी आंख

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 22 मई को हर मौसम में काम करने वाले उपग्रह 'RISAT-2B' का सफल प्रक्षेपण किया। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किए गये इस उपग्रह का वजन लगभग 615 किलोग्राम है। इसमें इजरायल निर्मित सिंथेटिक एपर्चर रडार लगा है, जो रात और बादलों में भी बेहद सटीक तरीके से काम करता है। इससे खराब मौसम में भी सीमाओं की निगरानी करने में आसानी होगी। सीमा पर मिल रही घुसपैठ और आतंकवाद की चुनौती से भी निपटा जा सकेगा। आरआईसैट–2बी कृषि उत्पादन का आंकलन करने में भी सहायक होगा इसके साथ ही इसका उपयोग वानिकी और आपदा प्रबंधन में भी किया जाएगा।

# देश ने चुना फिर स्पष्ट बहुमत की सरकार



2014 के आम चुनाव की तरह ही 2019 में हुए इस आम चुनाव में देश की जनता ने भारतीय जतना पार्टी को स्टष्ट बहुमत दिया। पिछले चुनाव में बीजेपी को जहाँ 282 सीटें मिली थी वहीं इस बार 303 सीटें मिली है। 542 लोकसभा सीटों पर आये परिणामों के आधार पर एनडीए ने कुल 353, यूपीए ने 91 और अन्य ने 98 सीटें जीती। स्पष्ट बहुमत से लग रहा है कि देश की जतना अब क्षेत्रीय दलो से ज्यादा राष्ट्रीय दलों पर ध्यान दे रही है। ये भारतीय राजनीति और जनता के मन को दर्शाता है कि देश अब हर मोर्चे पर सशक्त नेतृत्व चाहता है। पिछले कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए गये कई साहसिक कार्यों में देश की जनता ने सशक्त नेतृत्व को महसूस किया। इसी का परिणाम चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।



# छाता भी हुआ हाईटेक

बारिश में अगर भीगने से बचना हो तो सबसे पहले छाते का ख्याल आता है। इसे हर कोई अपने हाथ में उठाये दिख जाता है। आज की टेक्नोलॉजी ने इसे भी नया रूप दे दिया है। अब छाता को हाथ में उठाये घूमने की जरूरत नहीं है। आप जहाँ जाएंगे छाता खुद–ब–खुद आपके उपर उड़ता रहेगा और बरसात और धूप से बचाएगा। इस छाते में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और ड्रोन कैमरा लगा है जिसके द्वारा ये अपने मालिक को पहचान कर उसके उपर उड़ता रहता है। तेज हवाओं में थोड़ी दिक्कत आ सकती है मगर फिर भी अब आपके दोनो हाथ फ्री रहेंगे।

बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री नवीन गोयनका
**मेसर्स गोयनका स्टील एंड हार्डवेयर**
एस.डी.ओ. रोड, खगड़िया (बिहार)
मोः 9431481353, 7004677500

श्री गोपाल राय
**मेसर्स हरि ओम ट्रेडिंग**
बेगुसराय, समीप–हर हर महादेव चौक, जिला– बेगुसराय (बिहार)
मोः 9973465353

श्री अजय गुप्ता
**मेसर्स गुप्ता आयरन स्टोर**
महेशकुंट, खगड़िया (बिहार)
मोः 9939881065

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com